# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्याः लविवि/पनिका/2016–458
दिनांकः 16.09.2016

## कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **वर्ष 2016 की बैक पेपर/अंक सुधार परीक्षा** की परीक्षाओं के भी **आन–लाइन आवदेन करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.09.2016 तक पुर्न**निर्धारित की गयी है।

**2.** परीक्षा फार्म वेवसाइट luexam.net पर उपलब्ध है। आन–लाइन आवेदन पत्र कम्प्यूटर के माध्यम से विद्यार्थी स्वयं किसी भी स्थान से भर सकते है। विद्यार्थी आन–लाइन फार्म भरने के उपरान्त उसका प्रिन्ट आउट ले लें तथा अप्लीकेशन फार्म नं0 नोट कर सुरक्षित स्वयं के पास रख लें। **विद्यार्थी सभी प्रविष्टियॉ सावधानी पूर्वक भरें।**

**3.** उक्त के उपरान्त विद्यार्थी फार्म के प्रिन्ट आउट पर निर्धारित स्थान पर अपनी प्रविष्टियॉ पूर्ण कर निर्धारित परीक्षा की रसीद एवं अपनी सम्बन्धित अंकतालिका की स्वःप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मामले में प्राचार्य कार्यालय तथा विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों के मामले में सम्बन्धित संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

**4.** विद्यार्थियों के द्वारा भरे जाने वाले ऑन–लाइन आवदेन पत्रों को पूर्व प्रेषित लाग–इन आई0डी0 के माध्यम से महाविद्यालय इटरनेट पर अवलोकित कर विद्यार्थियों द्वारा जमा किये गये ऑन–लाइन आवेदन पत्र के प्रिन्ट आउट्स की प्रविष्टियों की जांच कर आवेदन पत्रों को ऑन–लाइन approve करेंगे। तत्पश्चात् सभी विद्यार्थियों के प्रिन्ट आउट्स को संकलित रूप से निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित विश्वविद्यालय में जमा करेंगें।

**5.** महाविद्यालय विद्यार्थियों के परीक्षा शुल्क को एक साथ आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से विश्वविद्यालय के खाता सं0–**A/c No. 00600200000149 IFSC Code No. UCBA0000060 यूको बैक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ** में बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट परीक्षाओं के परीक्षा फार्म/शुल्क दिनांक 22.09.2016 तक जमा करते हुए समस्त प्रिन्ट आउट्स तथा उनकी सूची, शुल्क पावती के साथ परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में जमा करने का कष्ट करें।

(Sharma 16/9/2016)
**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**

**पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को मा0 प्रतिकुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. वित्त अधिकारी।
4. कुलसचिव।
5. कुलानुशासक।
6. सकायाध्यक्ष, कला, विज्ञान, वाणिज्य।
7. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को कालेज लाग–इन के माध्यम से इस अनुरोध के साथ कृपया इस सम्बन्ध में समयानुसार आवश्यक प्रबन्ध तथा कार्यवाही करने की कृपा करें।
8. निदेशक, आई0पी0पी0आर0,।
9. उप कुलसचिव परीक्षा/लेखाधिकारी/सहायक कुलसचिव/प्रोग्रामर, डी0टी0पी0/प्रभारी, वेवसाइट,।
10. अधीक्षक परीक्षा/प्रभारी गोपनीय/कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।
11. अधीक्षक (कैश कार्यालय–पुराना परिसर)।
12. सूचना एवं गाइडेन्स ब्यूरो।
13. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

(Sharma 16/9/2016)
**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**